प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 16.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस थर्ड से सम्मानित किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टो–डोलीडीज ने निकोसिया में राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह श्री मोदी को यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनके लिए नहीं था, बल्कि भारत की एक अरब चालीस करोड जनता के लिए है।

**********************

केन्द्र सरकार ने आज जनगणना कराये जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। गृह मंत्रालय से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जनगणना पहली मार्च 2027 से कराई जाएगी। केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू कश्मीर के बर्फीले इलाकों तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में यह जनगणना पहली अक्तूबर 2026 से कराई जाएगी। यह भारत की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी और देश के स्वतंत्र होने के बाद आठवीं जनगणना होगी।

**********************

राज्य में नर्सिंग होम और हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर झारखंड ह्यूमन राइट कनफेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई आज झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था पर राज्य के लगभग सभी जिलों के डीसी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने डीसी की ओर से दी गई रिपोर्ट की जांच कर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई जुलाई माह में निर्धारित की है।

**********************

हजारीबाग में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज समाहरणालय परिसर से 14 नुक्कड़ नाट्य दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नाट्य दल जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 218 चिन्हित स्थलों पर नशा मुक्ति अभियान के संबंध में लोगों को जागरूक करेंगे।

**********************

लोहरदगा जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लोगों के बीच प्रभावी तरीके से जागरुकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

सिमडेगा में पिछले दिनों चर्च में हुई डकैती की घटना का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है। इस सिलसिले में ओडिसा से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी रणविजय सिंह ने बताया कि ओडिसा पुलिस के सहयोग से इस मामले का खुलासा किया जा सका है।

**********************

चतरा जिले के सिमरिया और लावालौंग क्षेत्र में जंगली हाथियों ने पिछले कुछ दिनों से उत्पात मचा रखा है। हाथियों ने कई घरों को ध्वस्त कर दिया है और फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग इन हाथियों को सुरक्षित वन क्षेत्र पहुंचाने में सफल नहीं हो पाया है।

**********************

पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में सूखे कुआं से लोटा निकालने के चक्कर में पिता–पुत्र की मौत दम घुटने से हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद  पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी घटना स्थल पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से शव को निकाला।

********समाप्त**************